# 2021

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र के **छः** खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ड, च।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

### खण्ड – क

(पद्य : 8 +12 = 20 अंक)

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) दूसरों की सहायता भी की कितनी बार ।
व्यर्थ हुआ श्रम पा तो सके नहीं ।
खर्च किया, फिर भी रहा जैसे का तैसा ही ।
सारी दुनिया घूम आया तुम्हारे लिए दौड़-धूप करके ।

*अथवा*

(ख) गुरु हथौड़ा हाथ
करती बार-बार प्रहार;
सामने तरू-मालिक अट्टालिका, प्राकार ।

***निर्देश :*** प्रश्न-संख्या ***2*** का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***3*** का उत्तर लगभग ***25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***4*** और ***5*** के उत्तर लगभग ***20 – 20*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***6*** और ***7*** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या ***8*** का उत्तर नीचे दिये गये संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्टक में दिये गये वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

2. कबीरदास के अनुसार गुरु और शिष्य का स्वरूप स्पष्ट कीजिए । 4

3. 'घर' कविता में वर्णित कवि के घर का चित्रण कीजिए । 3

4. 'गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागौं पाँय ।'
—उपर्युक्त पंक्ति का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए । 2

5. 'तोड़ती पत्थर' कविता में कवि ने पत्थर तोड़नेवली का जो चित्र अंकित किया है, वह स्पष्ट कीजिए । 2

6. कबीरदास ईश्वर से गुरु को श्रेष्ठ क्यों समझता है ? 1

7. कबीरदास के अनुसार ज्ञान का प्रकाश प्रदान करने वाला कौन है ? 1

8. 'यश की खोज' कविता का मणिपुरी से हिन्दी में अनुवाद करने वाले का नाम क्या है ? 1

(क) इबोहल सिंह काङ्जम

(ख) एस० लनचेनबा मीतै

(ग) सिद्धनाथ प्रसाद

(घ) एस० लोकेन्द्र शर्मा

## खण्ड – ख
### (गद्य : 25 अंक)

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) मेरा मकसद तो इतना है कि चाहे हिन्दू हो, चाहे सिख हो, चाहे मुसलमान हो, जो मैंने देखा है, वह किसी को न देखना पड़े और मरने से पहले मेरे घर के लोगों की जो गति हुई, वह परमात्मा न करे, किसी की बहू-बेटियों को देखनी पड़े ।

***अथवा***

(ख) बड़ा उत्साह रहता और इसमें हिन्दू-मुसलमान का कोई भेद नहीं रहता । शीरनी और तिचौरी बांटी जाती । सभी उसे लेते और खाते, पर हिन्दू लोग मुसलमानों से पानी या शर्बत छुलाकर नहीं पीते। मुसलमान भी इसे बुरा नहीं मानते । वे समझते थे कि यह हिन्दुओं का धर्म है, इसलिए वे स्वयं हट जाते ।

***निर्देश :*** प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग ***150*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***11*** का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***12*** का उत्तर लगभग ***25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***13*** का उत्तर लगभग ***20*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***14*** और ***15*** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिये गये वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

10. 'साहित्य की महत्ता' अथवा 'किशोरावस्था शिक्षा' पाठ का सारांश लगभग ***150*** शब्दों में लिखिए । 8

11. 'मेरा बचपन' पाठ में लेखक के गाँव में मनाई गई होली का चित्रण कीजिए । 4

12. 'आप से मैं माफी माँगता हूँ कि आपको यह सुनना पड़ रहा है ।'

–उपर्युक्त कथन में माफी माँगने वाला कौन है ? वह किससे और किसलिए माफी माँगता है ? 1+2=3

13. किशोरावस्था शिक्षा के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ? 2

14. लेखक के गाँव में मनोरंजन और शिक्षा का दूसरा साधन क्या था ? 1

(क) होली

(ख) रामलीला

(ग) दीवाली

(घ) दशहरा

15. देश और जाति को बचाने के लिए क्या करना चाहिए ? 1

(क) युवा-पीढ़ी को बचाना चाहिए ।

(ख) युवा-पीढ़ी को सही मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए ।

(ग) युवा-पीढ़ी को बुरे कर्मों से सावधान किया जाना चाहिए ।

(घ) युवा-पीढ़ी को नशीली दवाओं से दूर रहने की शिक्षा दी जानी चाहिए ।

**खण्ड – ग**

**(पूरक पाठ्य पुस्तक : 15 अंक)**

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या ***16*** का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***17*** का उत्तर लगभग ***25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***18, 19*** और ***20*** के उत्तर लगभग ***20 – 20*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***21*** का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या ***22*** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्टक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

16. आनन्दी कैसी स्त्री थी ? उसके चारित्रिक गुणों को स्पष्ट कीजिए । 1+3=4

17. लेखक के अनुसार 'शैतानी का भूत' से क्या तात्पर्य है ? 'राष्ट्रीय एकता' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । 3

18. भूत, भविष्य और वर्तमान के अंतराल कौन मिटा सकता है और क्यों ? 1+1=2

19. लाला टीकाराम के कितने बेटे थे और वे कौन-कौन थे ? 2

20. अपने पिता और ताऊ ने बालक प्रेमचन्द का क्या-क्या नाम रखा ? 2

21. 'द्वेष-बुद्धि को हम द्वेष से नहीं मिटा सकते, प्रेम की शक्ति ही उसे मिटा सकती है ।'
— उपर्युक्त कथन किसका है ? 1

22. निम्नलिखित में से प्रेमचन्द के पिताजी कौन थे ? 1

(क) कौलेश्वरलाल

(ख) महाबीरलाल

(ग) अजायबलाल

(घ) उदितनरायन

## खण्ड – घ

## (वाचन : 10 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***23*** और ***24*** के उत्तर लगभग ***20–20*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***25*** से ***30*** तक के उत्तर एक वाक्य में या एक शब्द या शब्दसमूह में लिखिए ।

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

लक्ष्यहीन जीवन एक भटकती हुई नाव की तरह है, जिसकी कोई मंजिल नहीं है । हमारे जीवन में आजकल जो उदासी, भटकाव और दिशाहीनता है, उसका प्रमुख कारण यही लक्ष्यहीनता है । बहुत-से लोगों को यह पता ही नहीं कि उनके जीवन का क्या उद्देश्य है । उनको मालूम नहीं कि वे जीवन में क्या बनना चाहते हैं । बस, वे अन्धेरे में भटक रहे हैं । जिधर स्थितियाँ उन्हें ले जाती हैं, उधर ही मुड़ जाते हैं । जो जैसा कहता है, उसी पर वे चलने लगते हैं । यदि आदमी का लक्ष्य स्पष्ट हो तो वह दृढ़तापूर्वक उस ओर बढ़ सकता है और अपने कदमों में तेजी ला सकता है। लक्ष्य की स्पष्टता जीवन की सफलता और सुख की कुँजी है ?

23. लक्ष्यहीन जीवन की तुलना किससे की गई है ? 2

24. जीवन की उदासी, भटकाव और दिशाहीनता का प्रमुख कारण क्या है ? 2

25. बहुत-से लोगों को क्या पता नहीं है ? 1

26. लक्ष्यहीन लोग किधर मुड़ जाते है ? 1

27. लक्ष्यहीन लोग कहाँ भटक रहे है ? 1

28. जीवन में सफलता और सुख की कुँजी क्या है ? 1

29. 'भटकाव' कौन-सी संज्ञा है ? 1

30. 'लक्ष्य' का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

## खण्ड – ङ

### (लेखन : 15 अंक)

31. 'समय का सदुपयोग' अथवा 'समाचार-पत्रों का जीवन में स्थान' विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए । 8

32. मान लीजिए कि आप एक स्थानीय समाचार-पत्र के रिपोर्टर हैं। आजकल इम्फाल के ख्वाइरम्बन्द बाजार में दिन-दहाड़े चोरियाँ हो रही हैं। इस विषय में आप अपने समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम एक पत्र लिखिए। 7

## खण्ड – च

### (व्याकरण : 15 अंक)

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या ***33*** का उत्तर लगभग ***25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***34, 35*** और ***36*** के उत्तर लगभग ***20–20*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***37*** से ***42*** तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य या शब्द या शब्द-समूह में लिखिए ।

33. उपसर्ग और प्रत्यय का अन्तर सोदाहरण लिखिए। 3

34. वाक्य किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए। 2

35. संयुक्त वाक्य की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

36. विशेषण उपवाक्य की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

37. 'प्र' उपसर्ग से बना एक शब्द लिखिए। 1

38. 'पन' प्रत्यय से बना एक शब्द लिखिए। 1

39. 'आग बबुला होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

40. 'अन्धों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

41. 'आकाश से बाते करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

42. 'इया' प्रत्यय से बना एक शब्द लिखिए। 1